INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 3rd Lang.	**Department: Hindi**	**Date of submission:**
Worksheet No: 9	**Topic:** अर्थग्रहण	**Note: Pl. file in portfolio**

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए |

भारत में छह ऋतुएँ गरमी, वर्षा, शिशिर, सरदी, हेमंत और बसंत बारी-बारी से आती हैं | सभी ऋतुओं का अपना अलग-अलग महत्त्व है | बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है तो वर्षा को ऋतुओं की रानी माना जाता है | वर्षा ऋतु प्रकृति की प्यास बुझाकर सभी के दिलो को तरोताज़ा कर देती है | जेठ मास की भयंकर गरमी के कारण संपूर्ण जगत दुखी हो जाता है तो पेड़ - पौधे मुरझाने लगते हैं, नदी- नाले और तालाब सूखने लगते हैं, पशु-पक्षी भी जल के अभाव के कारण प्यासे मरने लगते हैं |

तब धरती हरी-भरी करने के लिए वर्षा ऋतु का आगमन होता है | वर्षा के कारण धरती पर नए-नए अंकुर फूटने लगते हैं | चारों तरफ़ हरियाली नज़र आने लगती है | मेंढ़क टर्र-टर्र करके अपनी प्रसन्नता प्रकट करते हैं तो मयूर पंख फैलाकर नृत्य के द्वारा वर्षा का स्वागत करते हैं | वर्षा जनजीवन के लिए अत्यंत उपयोगी और आवश्यक है | वर्षा के बिना मानव जीवन संभव नहीं है |

1. भारत में कितनी ऋतुएँ होती हैं ?

   सात   पाँच   छह   दस

2. किस ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है ?

   सरदी को   गरमी को

   हेमंत को   बसंत को

3. वर्षा को ऋतुओं की .... माना जाता है |

सहेली　　　　　　　　　　रानी

कहानी　　　　　　　　　　स्वामिनी

4. किसके कारण संपूर्ण जगत दुखी हो जाता है ?

अधिक सरदी के कारण

अधिक वर्षा के कारण

जेठ मास की भयंकर गरमी के कारण

भयंकर तूफ़ान के कारण

5. वर्षा के कारण धरती पर नए-नए क्या फूटने लगते है ?

जीवाणु　　　　　　　　　　कीड़े

अंकुर　　　　　　　　　　पत्ते

6. वर्षा आने पर कौन टर्र- टर्र करके अपनी प्रसन्नता प्रकट करते हैं ?

हिरण　　　　　　　　　　शेर

भालू　　　　　　　　　　मेंढ़क

7. मयूर किस प्रकार वर्षा का स्वागत करते हैं ?

तालाबों से पानी पीकर

पंख फैलाकर नृत्य करके

डालियों पर बैठकर

खेतों में दाना खाकर

Ans.

1. छह　　　　　　　　　　2. बसंत को
3. रानी　　　　　　　　　　4. जेठ मास की भयंकर गरमी के कारण
5. अंकुर　　　　　　　　　　6. मेंढ़क　　7. पंख फैलाकर नृत्य करके

....